प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
12.11.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

पीजी डॉक्टर्स

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज शिमला की लिफ्‌ट पार्किंग के पास हिमाचल हाट की आधारशिला रखेंगे। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, ग्रामीण विकास विभाग द्वारा निर्मित किए जा रहे इस हाट में स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित पारंपरिक उत्पादों को बिक्री के लिए रखा जाएगा। इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आयुष विभाग के तहत पीजी कर रहे डॉक्टरों को शत–प्रतिशत वेतन देने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि पिछली अधिसूचना में केवल 40 प्रतिशत वेतन देने का प्रावधान था। शिमला में कल मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयुष विभाग की समीक्षा बैठक में यह निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य पर्यटन को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रही है और इस पहल में आयुष विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि राज्य की जलवायु और प्राकृतिक परिवेश स्वास्थ्य पर्यटन की आपार संभावनाएं प्रदान करते हैं। मुख्यमंत्री ने आयुष विभाग को उच्च ओपीडी टर्नआउट वाले आयुष स्वास्थ्य संस्थानों का अध्ययन करने के भी निर्देश दिए ताकि इन सुविधाओं को और मजबूत किया जा सके।

सम्मान

व्यापार सुगमता सुधारों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए केंद्र सरकार ने प्रदेश को सम्मानित किया है। यह पुरस्कार केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयुष गोयल ने कल नई दिल्ली में राज्य सरकार की ओर से आवासीय आयुक्त अजय यादव को प्रदान किया। राज्य को यह पुरस्कार तीन प्रमुख क्षेत्रों निर्माण अनुमति सुगमता, सेक्टर विशिष्ट स्वास्थ्य सेवा और सेवा क्षेत्र में शीर्ष स्थान प्राप्त करने के लिए दिया गया। यह उपलब्धि निवेश को प्रोत्साहित करने, पारदर्शी शासन व्यवस्था लागू करने और उदयोगों के लिए अनुकूल माहौल तैयार करने की दिशा में राज्य सरकार के सतत प्रयासों का परिणाम है।

हाईकोर्ट

प्रदेश उच्च न्यायालय ने नगर निगम शिमला के मेयर का कार्यकाल पांच वर्ष करने के लिए लाए गए अध्यादेश पर फिलहाल रोक नहीं लगाई गई है। न्यायालय ने निर्णय को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर प्रदेश सरकार को जवाब दायर करने का अंतिम अवसर दिया है। प्रार्थी ने अंतरिम राहत के तौर पर अध्यादेश के अमल पर रोक लगाने की गुहार लगाई थी जिसे कोर्ट ने फिलहाल अस्वीकार कर दिया है। अब सुनवाई 27 नंवबर को होगी।

एलायंस एयर

करीब दो साल के अंतराल के बाद कुल्लू से चंडीगढ़ के बीच एलायंस एयर हवाई सेवाएं शुरू हो गई है। इस हवाई सेवा के शुरू होने के बाद अब स्थानीय लोगों के अलावा पर्यटकों व कारोबार से जुड़े लोगों को लाभ पहुंच रहा है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे कुल्लू संवाददाता।

——डिस्पैच——

लगभग दो साल के अंतराल के बाद कुल्लू से चंडीगढ़ के बीच एलायंस एयर द्वारा हवाई सेवा शुरू कर दी गई है जिससे पर्यटकों व् स्थानीय लोगो को अब चंडीगढ़ आना–जाना आसान हो गया है। कुल्लू–चंडीगढ़ के बीच यह उड़ाने सप्ताह में तीन दिन मंगलवार, वीरवार व शनिवार को संचालित हो रही है स जो लोग सड़क मार्ग पर से सफर नहीं कर सकते है उनके लिए हवाई मार्ग से मनाली पहुँचना अच्छा विकल्प है। इसके अलावा स्थानीय लोगो को भी चंडीगढ़ जाने में सुविधा होने के साथ–साथ समय की भी बचत होती है। कुछ वर्ष पहले भून्तर स्थित कुल्लू–मनाली हवाई अड्डे से काफी उड़ाने थी परन्तु विगत कुछ वर्षो से उड़ानें कम होने से यहां का पर्यटन कारोबार भी प्रभावित हो रहा था, परन्तु अब चंडीगढ़ से हवाई सेवा शुरू होने से यहां के पर्यटन कारोबार को पंख लगने की संभावना है।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि आपदा प्रभावित स्कूल भवनों की मरम्मत और पुनर्निमाण कार्यों को प्रदेश सरकार विशेष प्राथमिकता दे रही है। शिमला में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि इस मानसून सीजन के दौरान प्रदेश के लगभग एक हजार 4 सौ 11 शैक्षणिक संस्थानों को एक सौ 26 करोड़ रूपए से अधिक की क्षति का आकलन किया गया है। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों की शिक्षा वाधित न हो इसके मद्देनज़र उपनिदेशकों को शिक्षण संस्थानों के पुनर्निमाण और मरम्मत कार्यों के लिए हिमुडा को धनराशि शीघ्र जारी करने के निर्देश दिए गए हैं।

लोक सेवा प्रसारण दिवस

आज लोक सेवा प्रसारण दिवस है। यह दिवस हर साल 12 नवंबर को राष्ट्रपिता और स्वतंत्रता सेनानी महात्मा गांधी के रेडियो के माध्यम से दिए गए ऐतिहासिक संबोधन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। एक रिपोर्ट....

——डिस्पैच——

राष्ट्रीय शिक्षा दिवस

राजकीय महाविद्यालय चंबा में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के उपलक्ष्य पर विद्याधारा एजुकेशन सोसाइटी के तत्वाधान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान निबंध, लेखन, भाषण, प्रश्नोत्तरी जैसी अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर मदन गुलेरिया

ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा दिवस केवल एक औपचारिक दिवस नहीं अपितु यह सोचने का अवसर देता है कि शिक्षा का वास्तविक अर्थ क्या है।

......................